REVIEW OF RESEARCH
ISSN: 2249-894X
IMPACT FACTOR : 5.7631(UIF)
VOLUME - 12 | ISSUE - 11 | AUGUST - 2023

# पल्या भाषा की स्वनिमिक संरचना का अध्ययन

डॉ. सौरभ कुमार[1] , डॉ. चन्दन सिंह[2]
[1]सहायक प्राध्यापक, लुप्तप्राय भाषा केंद्र, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, म. प्र.
[2]सलाहकार, भारतवाणी परियोजना, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, कर्नाटक

**सारांश-**

*पल्या मध्य प्रदेश के बड़वानी, खरगौन एवं बुरहानपुर जिले तथा महाराष्ट्र के धुले व जलगाँव जनपद तथा इनके सीमावर्ती क्षेत्रों में पल्या लोग पाए जाते हैं। इनकी भाषा का नाम भी पल्या ही है। पल्या बोली के वैकल्पिक नाम "पाली" और "पालोदी" भी हैं। पल्या भाषा भारोपीय परिवार से संबद्ध है। इस भाषा को बोलने वालों की संख्या लगभग 10,000 है। पल्या भाषा के शब्द हिंदी और मराठी से तो मिलते ही हैं, किंतु गुजराती, राठवा एवं वर्ली से ज्यादा समानता रखते हैं। यही कारण है कि पल्या भाषा पर इनका प्रभाव अधिक दिखायी पड़ता है। प्रस्तुत शोध आलेख में इन्हीं प्रभावों के आलोक में पल्या भाषा की स्वनिमिक संरचना का अध्ययन किया गया है।*




**कुंजी शब्द-** पालिया, *हिंदी, स्वन, स्वनिम, स्वर, व्यंजन, देवनागरी, IPA, अंग्रेज़ी, अक्षर।*

## 1. परिचय-

पल्या समुदाय मूलतः वर्ली समुदाय का एक उपसमुदाय है। इनकी अनुमानित जनसंख्या लगभग10,000 से 25,000 के मध्य है। ये मुख्यतः मध्य प्रदेश के बड़वानी जनपद की राजपुर एवं बड़वानी तहसील में पाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश के खरगौन जनपद की झिरनिया तहसील में तथा महाराष्ट्र के धुले जनपद की शिरपुर तहसील एवं जलगाँव जनपद की यावल और रावेर तहसीलों में भी पल्या बस्तियाँ देखी जा सकती हैं। पल्या समुदाय के लोग इन जनपदों के समीपवर्ती क्षेत्रों में भी पाए जाते हैं। वे गाँव जहाँ पल्या की संख्या अपेक्षाकृत कम है, वहाँ इन्हें राठवा या क्षेत्र की अन्यजनजातियों के साथ-साथ रहते हुए देखा जाता है।

पाल्या बोली के वैकल्पिक नाम "पाली" और "पालोदी" भी हैं। कई विद्वानों का मानना है कि पल्या बोली राठवी या बरली की तुलना में गुजराती के अधिक करीब है। ऐसा माना जाता है कि पल्या लोग सुदूर अतीत में गुजरात से ही विस्थापित होकर मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र में आकर बस गए थे। आँकड़ों के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि पल्या भाषा में प्रयुक्त शब्द हिंदी(47%) या मराठी (49 से 50%) की तुलना में गुजराती(61 से 63%) से अधिक समानता रखते हैं।

## 2. डाटा संग्रह-

किसी भी भाषा के प्रलेखन के लिए क्षेत्र कार्य के द्वारा आवश्यक डाटा का संकलन अनिवार्य होता है। इस प्रकार से संकलित डाटा को स्रोत सामग्री माना जाता है। ये डाटा आवश्यकतानुसार ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग, कॉर्पोरा अथवा किसी अन्य रूप में हो सकते हैं। इस प्रकार संकलित डाटा का ध्वन्यात्मक, रूपात्मक, वाक्य-विन्यास, शब्दार्थ आदि के स्तर पर विश्लेषण किया जाता है। पल्या भाषा के प्रलेखन हेतु क्षेत्रकार्य के द्वारा संकलित डाटा के विषय में जानकारी निम्नवत् है

| | | |
|---|---|---|
| **भाषा परिवार** | **-** | **भारोपीय परिवार** |
| **अन्य नाम** | **-** | Bareli |
| ISO **कोड** | **-** | **639-3** |
| **भाषा कोड** | **-** | bpx |
| Glottolog | - | paly1238s |

उपलब्ध डेटा मुक्त वातावरण में ध्वन्यांकित किया गया है। सामग्री संकलन विभिन्न श्रेणी से चयनित 1562 शब्दों के माध्यम से किया गया है। इन चयनित शब्दों में संज्ञा (प्रकृति, पृथ्वी, पानी, वायु, आकाश, मनुष्य, रिश्ते, जानवर, चिड़िया, मानव अंग, रोग, कपड़े, गहने, संस्कृति विशिष्ट, घर, खेती, औषधि, व्यवसाय, सड़क परिवहन, शिक्षा, प्रशासन, घर्म, क्रीड़ा, मनोरंजन, संगीत, नृत्य, अभिनय, धातु एवं पत्थर, अंक), क्रिया, विशेषण, क्रिया विशेषण, मापन आदि से संबंधित शब्दों का संकलन है।

## 3. खंडीय स्वनिम-

खंडीय स्वनिम दो प्रकार के होते हैं– स्वर और व्यंजन। प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह ज्ञात होता है कि पल्या में कुल 38 खंडीय स्वनिम हैं। इन 38 खंडीय स्वनिमों में से आठ स्वर और 30 व्यंजन स्वनिम हैं।

**3.1 स्वर-** पल्या में आठ स्वर पाए गए हैं जिन्हें निम्न स्वर तालिका में दर्शाया गया है-

**स्वर तालिका**

| | अगोलीय | | गोलीय |
|---|---|---|---|
| | अग्र | मध्य | पश्च |
| संवृत | i | | u |
| अर्धसंवृत | e | | o |
| अर्धविवृत | ɛ | ə | ɔ |
| विवृत | | | a |

**तालिका संख्या- 1**

**3.2 व्यंजन-** पल्या में कुल 30 व्यंजन स्वनिम हैं जिनका वर्णन निम्न व्यंजन तालिका में दिया गया है-

व्यंजन तालिका

| | द्वोष्ठ्य | | दंत्योष्ठ | दंत्य | | मूर्धन्य | | वर्त्स्य | तालव्य | | कंठ्य | | स्वरयंत्र मुखी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ घोष | स घोष | सघोष | अ घोष | स घोष | अ घोष | सघोष | | अ घोष | स घोष | अ घोष | स घोष | अघोष |
| स्पर्श | | | | | | | | | | | | | |
| अल्पप्राण | P | b | | t | d | ʈ | ɖ | | tʂ | ʤ | k | g | |
| महाप्राण | $p^h$ | $b^h$ | | $t^h$ | $d^h$ | $ʈ^h$ | ɖh | | tʂh | ʤh | $k^h$ | gh | |
| नासिक्य | | m | | | n | | | | | | | ŋ | |
| संघर्षी | | | | s | | | | | | | | | h |
| लुंठित | | | | | r | ɽ | | | | | | | |
| उत्क्षिप्त | | | | | | | | | | | | | |
| पार्श्विक | | | | | ɭ | | | | | | | | |
| अर्ध-स्वर | w | | | | | | | | | j | | | |

तालिका संख्या- 2

**3.3 संयुक्तस्वर-** संयुक्तस्वर दो स्वरों का ऐसा मिश्रित रूप है, जिसमें दोनों स्वर अपनी स्वतंत्र सत्ता का लोप करके एकरूप हो जाते हैं और श्वास के एक ही वेग में उच्चरित होते हैं। इन दो स्वरों के योग से यह संयुक्त स्वर या मिश्र स्वर बनता है। इन्हें ही संयुक्त स्वर या द्विस्वर-योग कहते हैं। आँकड़ों के विश्लेषण के उपरांत पल्या भाषा में प्राप्त संयुक्तस्वर के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं-

| संयुक्त स्वर | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|
| /aːiː/ | /sIkaːkaːiː/ | shikakai | शिकाकाई |
| /aːeː/ | /gəndaːeː/ | scent (odour) | सुगंध |

तालिका संख्या- 3

**3.4 व्यंजन समूह-** व्यंजन समूह ऐसे दो व्यंजनों का गुच्छ होता है जिनके बीच में कोई स्वर नहीं होता। इन्हें व्यंजन मिश्रण भी कहा जाता है।

### 3.4.1 सजातीय व्यंजन समूह/गुच्छ-

ऐसे व्यंजन समूह जो एक के बाद एक क्रमिक रूप से परस्पर जुड़े रहते हैं, सजातीय व्यंजन समूह कहलाते हैं। पल्या भाषा में भी ऐसे सजातीय व्यंजन समूह के उदाहरण पाए जाते हैं। कुछ उदाहरण निम्नवत् हैं-

| व्यंजन समूह/गुच्छ | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|
| /kk/ | /si ː kko/ | coin | सिक्का |
| | /e ː kki ː h/ | twenty one | इक्कीस |
| | /e ː kka ː wən/ | fifty one | इक्यावन |
| | /tʂəkkʊ/ | knife | चाकू |
| /tʂtʂ/ | /pətʂtʂi ː h/ | twenty five | पच्चीस |
| | /lu ː tʂtʂo/ | wicked | दुष्ट |
| | /pi ː tʂtʂja ː / | chick | चूजा |
| | /mətʂtʂʰər/ | mosquito | मच्छर |
| /ʈʈ/ | /koʈʈja ː / | button | बटन |
| | /tʂoʈʈa ː / | thief | चोर |
| /tt/ | /mombətti ː / | wax candle | मोमबत्ती |
| | /səmpətti ː / | property | संपत्ति |
| | /a ː gərbətti ː / | incense stick | अगरबत्ती |
| | /u ː gɽa ː həttər/ | sixty nine | उनहत्तर |
| | /pətʂottər/ | seventy five | पचहत्तर |
| /nn/ | /anna ː na ː s/ | pineapple | अनानास |
| | /pənna ː / | emerald | पन्ना |
| | /u ː nni ː h/ | nineteen | उन्नीस |
| /pp/ | /nIppa ː / | to smear | धब्बा |
| | /tʰu ː ppa ː nu ː / | to spit | थूकना |
| | /d□ʰe ː ppa ː / | to swim | तैरना |
| | /d□oppa ː / | to cultivate (tend crop) | खेती करना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| /bb/ | /ɖəbba ː / | box | डब्बा |
| /mm/ | /rəmma ː / | to play (hair) | खेलना |
| | /u ː mmi ː d kərwa ː / | to expect | अपेक्षा करना |
| | /hImmət/ | brave | बहादुर |
| | /səmma ː n/ | respect | सम्मान |
| /rr/ | /dʰi ː rri ː n/ | low | कम |
| /ll/ | /u ː tolloa ː w/ | fast (quick) | तेज (जल्दी) |
| | /ga ː llju ː / | cheek | गाल |
| | /gu ː lli ː / | gilli danda | गिल्ली-डंडा |
| | /nIllo/ | green' (colour of leaf) | रंग |
| | /dəlle ː wa ː / | to punish | सजा देना |
| | /kʰu ː llu ː / | open | खुला |
| /ww/ | /gʰəʈa ː wwa ː / | subtraction | घटाव |
| | /bʰəwwa ː / | storm | आँधी |
| | /səd□a ː wwa ː / | to decorate | सजाना |
| | /bəɽa ː wwo/ | to make | बनाना |
| | /nItʂʰəwwa ː / | to squeeze | निचोड़ना |
| | /dʰowwa ː / | to wash | धोना |
| | /gu ː tʂəwwa ː / | to wrap up | बाँधना |

तालिका संख्या- 4

**3.4.2 विजातीय व्यंजन गुच्छ-** दो या दो से अधिक अलग-अलग व्यंजनों के समूह जो एक दूसरे से परस्पर जुड़े होते हैं, विजातीय व्यंजन समूह/गुच्छ कहलाते हैं। इस गुच्छ के बीच कोई भी स्वर नहीं होता है। पल्या भाषा में उपलब्ध विजातीय व्यंजन गुच्छ के कुछ उदाहरण निम्नवत् हैं-

(i) इन उदाहरणों में शब्द के आद्यस्थल पर व्यंजन गुच्छ को देखा जा सकता है-

| आद्यस्थल विजातीय व्यंजन गुच्छ | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|
| /gj/ | /gja ː n wa ː lo/ | wise | बुद्धिमान |
| /d□ŋ/ | /d□ŋgli ː d• ənwər/ | tame/wild | जंगली |
| /sw/ | /swa ː gət kərwa ː / | to greet | अभिवादन करना |

तालिका संख्या- 5

(ii) इन उदाहरणों में शब्द के मध्य स्थल पर व्यंजन गुच्छ को देखा जा सकता है-

| मध्य स्थल विजातीय व्यंजन गुच्छ | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|
| /-kʰɽ-/ | /ɖa ː kʰɽjo ha ː t/ | left (hand) | बायाँ |
| | /rokʰɽo/ | ash | राख |
| | /pa ː kʰɽa ː / | feather | फर |
| /-nd-/ | /u ː ndro/ | rat | चूहा |
| | /kʰa ː ndo/ | shoulder | कंधा |
| | /ma ː ndlu ː / | patient | मरीज |
| /-ɭt-/ | /aɭte ː ɳ/ | after | बाद में |
| | /re ː ɭtu ː / | desert | रेगिस्तान |
| /-rt-/ | /dʰərti ː hi ː li ː / | earthquake | भूकंप |
| | /wIdja ː rti ː / | student | विद्यार्थी |
| | /mu ː rti ː / | idol | प्रतिमा |
| /-ʈʈʰ-/ | /a ː ʈʈʰa ː ra ː / | eighteen | अठारह |
| /-nd□-/ | /bʰu ː nd• wa ː / | to roast | भुनना |
| | /kəra ː nd• e ː / | to sigh | गाना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | /hu ː nd• wa ː / | to knead | गूंथना |
| /-tʂɽ-/ | /kʰi ː tʂɽo/ | food item | खाद्य सामग्री |
| /-kr-/ | /bʰu ː krjo/ | to bark | भोंकना |
| | /ʈʰokra ː jo/ | to collide | टकराना |
| | /ka ː kra ː / | pebble | कंकड़ |
| /-gɽ-/ | /dəgɽa ː / | rock | चट्टान |
| | /dəgɽo/ | stone | पत्थर |
| | /hi ː ŋgɽa ː / | horn | सींग |
| /-ɭt-/ | /aɭte ː ɳ/ | after | बाद में |
| | /re ː ɭtu ː / | desert | रेगिस्तान |
| /-hl-/ | /ɖa ː hlja ː / | father's mother | दादी |
| | /ɖa ː hloba ː / | father's fathe'r | दादा |
| /-gɽ-/ | /hi ː ŋgɽa ː / | horn | सींग |
| | /lu ː gɽa ː / | cloth | कपड़ा |
| | /pa ː gɽi ː / | turban | पगड़ी |
| /-kɽ-/ | /ka ː kɽi ː / | cucumber | ककड़ी |
| | /ta ː kɽi ː / | balance / scale | संतुलन/माप |
| | /ha ː kɽu ː / | narrow | सँकरा |
| | /ʈe ː kɽo/ | valley | घाटी |
| /-rt-/ | /wIdja ː rti ː / | student | विद्यार्थी |
| | /mu ː rti ː / | idol | प्रतिमा/मूर्ति |
| | /dʰərti ː hi ː li ː / | earthquake | भूकंप |
| /-tɽ-/ | /kotɽu ː / | flood | बाढ़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | /kotɽi ː / | brook | नाला |
| /-hɭ-/ | /tʂʰa ː hɭo/ | shade | छाया |
| | /pa ː hɭa ː / | rib | पसली |
| /-kl-/ | /ʈəkli ː / | cotton carder | धुनिया |
| | /dʰəkle ː / | to push | धक्का देना |
| | /wa ː klu ː / | curved | घुमावदार |
| | /hu ː klʊ/ | dry | सूखा |
| /-nd□-/ | /kənd□u ː s/ | miser | कंजूस |
| | /bʰa ː nd• e ː / | brother's daughter | भतीजी |
| | /Ind□ən/ | fuel | ईं ध |
| /-hl-/ | /mʊhlo/ | pestle | मूसल |
| | /wa ː hli ː / | flute | बांसुरी |
| | /ɖa ː hlja ː / | father's mother | दादी |
| | /ɖa ː hloba ː / | father's father | दादा |
| /-dɭ-/ | /wa ː dɭu ː / | sky | आकाश |
| /-d□l-/ | /wi ː d• la ː gʰəɳu ː / | lightning | बिजली चमकना |
| /-hɽ-/ | /pa ː̃ hɽo/ | son-in-law | दामाद |
| | /kʰa ː hɽa ː / | shoe | जूता |

तालिका संख्या- 6

**(iii) इन उदाहरणों में शब्द के अंत्यस्थल पर व्यंजन गुच्छ को देखा जा सकता है-**

| अंत्यस्थल विजातीय व्यंजन गुच्छ | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|
| /ŋg/ | /hIŋg/ | asafoetida | हिंग |
| | /bʰa ː ŋg/ | tobacco | तंबाकू |
| | /loŋg/ | clove | लौंग |
| | /pətəŋg/ | kite | पतंग |
| /nm/ | /d□ənm/ | birth | जन्म |
| /nd/ | /dənd/ | punishment | जुर्माना |
| /ks/ | /ʈe ː ks/ | tax | कर |
| /ŋkʰ/ | /səŋkʰ/ | conch | शंख |
| /nd□/ | /d□ʰa ː nd• / | cymbals | झाँझ |

तालिका संख्या- 7

**3.5 स्वनिमिक व्यतिरेक-** वैसे स्वन जो परस्पर एक दूसरे के स्थान पर प्रयुक्त होकर व्यतिरेक उत्पन्न करते हों, उन्हें स्वनिमिक व्यतिरेक कहते हैं। पल्या भाषा में प्राप्त स्वनिमिक व्यतिरेक को निम्नलिखित उदाहरणों में देखा जा सकता है-

| उदाहरण (IPA) | अंग्रेज़ी | हिंदी | उदाहरण (IPA) | अंग्रेज़ी | हिंदी |
|---|---|---|---|---|---|
| /a ː do/ | half' | आधा | /a ː du ː / | ginger | अदरख |
| /a ː ja ː / | mother | माता | /a ː je ː / | he | वह (पुरुष) |
| /a ː mba ː / | mango | आम | /a ː mla ː / | tamarind | इमली |
| /a ː mʊ/ | you | आप/तुम | /a ː mu ː / | in | में |
| /a ː mu ː ne ː / | to them | उन्हें/इन्हें | /a ː mʊne ː / | to you | आपको |
| /bəja ː r/ | wife | पत्नी | /bəjər/ | woman | महिला |
| /bəɳwa ː / | to knit | बुनना | /bənwi ː / | mother's sister's husband | मौसा |
| /bəɽa ː wwa ː / | to shave | बचाना | /bəɽa ː wwo/ | to make | बनाना |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| /bəɽiː/ | hill | पहाड़ी | /bəɽo/ | mountain | पर्वत |
| /bʰaːp/ | steam | भाप | /bʰaːt/ | cooked rice | भात/पका चावल |
| /biːd• o/ | other | अन्य | /biːd• uː/ | second | दूसरा |
| /biː̃haːɳwa ː/ | to frighten | डराना | /biː̃haːɽwa ː/ | to fear | डरना |
| /daːiː/ | midwife | धात्री | /daːl/ | court | अदालत |
| /deːwaː/ | to beat | मारना-पीटना | /deːwiː/ | goddess | देवी |
| /dor/ | thread | धागा | /dos/ | accused | आरोपी |

तालिका संख्या- 8

**3.6 स्वर स्वनों का वितरण-** पल्या भाषा में स्वनों का शब्द के विभिन्न स्थान पर प्रयोग का वितरण निम्नलिखित तालिका में देखा जा सकता है-

| स्वर | शब्द के आद्यस्थल पर स्वर | अंग्रेज़ी/हिंदी | शब्द के मध्य स्थल पर स्वर | अंग्रेज़ी/हिंदी | शब्द के अंत्यस्थल पर प्रयुक्त स्वर | अंग्रेज़ी/हिंदी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /i/ | /iːʈaːwwaː/ | to roll /**लपेटना** | /tʰaːkiːdʒo/ | to tired/**थकना** | /dʰərd?eːniː/ | to touch/**छूना** |
| /e/ | /eːk/ | one/**एक** | /ɖʰeːrkuː/ | many/**कई** | /d?orjeː/ | sharp/**तेज (नुकीला)** |
| /ɛ/ | | | /pɛːsaː/ | money/**रुपया** | | |
| /a/ | /akbaːr/ | newspaper/**समाचार पत्र** | | | | |
| /aː/ | /aːjɽeː/ | noise/ **शोर** | /tʂaːk/ | chalk/**चाक** | /sIksaː/ | education/ **शिक्षा** |
| /u/ | /uːndro/ | rat/**चूहा** | /bʰuːdʒaː/ | arm/**हाथ** | /nəwljuː/ | mongoose/ **नेवला** |
| /o/ | /oraːw/ | here/**यहाँ** | /moj/ | into/**अंदर** | /eːkʰlo/ | alone/**अकेला** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /ɔ/ | | | /mɔ ː t/ | death/**मौत** | /dʒɔ ː / | barley/**जौ** |

तालिका संख्या- 9

### 3.7 व्यंजन स्वनिम वितरण-

| व्यंजन | प्रारंभ स्थल पर उपस्थित व्यंजन ( पल्या शब्द) IPA /देवनागरी | अंग्रेज़ी/हिंदी | मध्य स्थल पर उपस्थित व्यंजन (पल्या शब्द) IPA /देवनागरी | अंग्रेज़ी/हिंदी | अंतिम स्थल पर उपस्थित व्यंजन (पल्या शब्द) IPA /देवनागरी | अंग्रेज़ी/हिंदी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /p/ | /pa ː poɽ/ | Papad/**पापड़** | /ʈopi ː / | Cap/**टोपी** | /bʰa ː p/ | Steam/**भाप** |
| /ph / | /pʰu ː loka ː / | frock | /nəpʰrət kərwa ː / | to hate/ **नफरत करना** | /dʒi ː pʰ/ | Tongue/**जिहवा** |
| /b/ | /bi ː̃ha ː ɳ wa ː / | to frighten/ **डराना** | /bəra ː bər/ | Equal/**बराबर** | /gəri ː b/ | Poor/**गरीब** |
| /bʰ/ | /bʰi ː gi ː d ʒo/ | Wet/**गीला** | /sobʰa ː w/ | Temper/ **स्वभाव** | | |
| /t/ | /ta ː ri ː p/ | Praise/ **प्रशंसा** | /məntri ː / | Minister/**मंत्री** | /ta ː kʰət/ | Strength/ **मजबूत** |
| /tʰ / | /tʰa ː pəɽd e ː / | to slap/ **थप्पड़ मारना** | /lətʰɽe ː / | to stagger/ **डगमगाना** | /ha ː tʰ/ | Seven/**सात** |
| /d/ | /dəba ː we ː / | to grab/ **झपट्टा मारकर पकड़ना** | /a ː rdi ː ra ː te ː / | Midnight/ **मध्यरात्री** | /sərəd/ | Autumn/**शरदऋतु** |
| /dʰ / | /dʰi ː re ː / | Late/**देर** | /wɪdʰa ː n səba ː / | Assembly/ **विधानसभा** | | |
| /ʈ/ | /ʈe ː ks/ | Tax/**कर** | /moʈli ː ba ː i ː / | elder sister/ **बड़ी बहन** | /səpa ː ʈ/ | Ground/ **मैदान** |
| /ʈ h / | /ʈʰa ː hro/ | Utensils/**बर्तन** | /ga ː ʈʰwa ː rwa ː ɭo/ | to tie/**बाँधना** | /a ː ʈʰ/ | Eight/**आठ** |
| /ɖ/ | /ɖəhwa ː ɭl u ː / | Bad/**खराब** | /ɖəhwa ː ɭlu ː / | Bad/**खराब** | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /ɖʰ/ | /ɖʰəgru ː / | Hip/**कूल्हा** | /məntər pəɖʰwa ː / | to chant/ **मंत्र पढ़ना** | /ɖe ː ɖʰ/ | one and a half/**डेढ़** |
| /k/ | /kʊdwa ː / | to Jump/**कूदना** | /kətja ː rkətj a ː r/ | Sometimes/ **कभी-कभी** | /ta ː ri ː k/ | Date/**तारीख** |
| /kh / | /kʰu ː d bəjər/ | Herself/**स्वयं** | /ɖa ː kʰɽjo ha ː t/ | left hand/**बायाँ हाथ** | /dʊkʰ/ | Grief/**दुख** |
| /g/ | /gərəb/ | Pride/**गर्व** | /bʰəgwa ː n/ | God/**भगवान** | /hərəg/ | Heaven/ **स्वर्ग** |
| /gʰ/ | /gʰənʈi ː / | Bell/**घंटी** | | | | |
| /tʂ/ | /tʂʰa ː hɭo / | Shade/**छाया** | /pi ː tʂtʂja ː / | Chick/**चूजा** | /ka ː krotʂ/ | Cockroach /**तिलचट्टा** |
| / tʂʰ/ | /tʂʰa ː ti ː / | Chest/**छाती** | /mu ː tʂʰa ː / | Moustache/**मूंछ** | | |
| / ʤ/ | /d▯i ː u ː / | Tongue/**जिह्वा** | /hu ː dʒa ː jo / | Swelling/**सूजन** | /i ː la ː dʒ/ | Treatment /**इलाज** |
| /d▯ h/ | /d▯ʰoplu ː / | Door/**दरवाजा** | /mu ː rdʒʰa ː ja ː / | Faint/**बेहोश होना** | | |
| /s/ | /su ː we ː t / | Leucoderma/**ल्यूकोडर्मा** | /ku ː sʈi ː / | loin cloth/**लंगोटी** | /bi ː la ː u ː s/ | Blouse/ **ब्लाउज** |
| /m/ | /mombətti ː / | wax candle/**मोमबत्ती** | /si ː ma ː / | Border | /si ː ma ː / | Border/ **सीमा** |
| /n/ | /ni ː rdos/ | Innocent/ **निर्दोष** | /d▯i ː rba ː n u ː / | Penalty | /ka ː nʊn/ | Law/**कानून** |
| /ŋ/ | | | /səŋkʰ/ | Conch | | |
| /l/ | /lokgi ː t/ | Song/**गीत** | /bəja ː li ː s/ | forty two | /zərməl/ | Alluminium /**अलयूमिनियम** |
| /r/ | /re ː ŋgɽo/ | to crawl | /tʂətra ː lɭo/ | clever | /bʰərhokər / | to trust/ **भरोसा करना** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /h/ | /hImmət/ | Brave/**बहादुर** | /dəha ː ɽu ː / | Sun | /a ː ma ː h/ | New moon/**अमावश्या** |
| /w/ | /wa ː dɭu ː / | Sky/**आकाश** | /a ː̃hwa ː / | Tears | /d⍰lw/ | Heart/**दिल** |
| /j/ | /ju ː d/ | War/**युद्ध** | /a ː je ː̃/ | he | /səma ː j/ | Time/**समय** |

तालिका संख्या- 10

उपर्युक्त तालिका के आधार पर यह देखा जा सकता है कि पल्या शब्दों के आद्यस्थल पर /ŋ/, /ɽ/, /j/, /ɲ/, /ɽɦ/, मध्य स्थल पर /ɲ/, तथा अंत्यस्थल पर /ŋ/, /ɲ/, /tʰ/, /dʰ/, /tʂʰ/, नहीं प्राप्त हुआ है।

**3.8 अक्षर-** जितनी ध्वनियाँ एक साथ उच्चरित होती हैं वे सब परस्पर मिलकर ‘अक्षर’ का निर्माण करती हैं। एकाधिक ध्वनियों में स्वर के पहले तथा बाद में व्यंजन ध्वनियाँ आ सकती हैं। यदि किसी शब्द में दो स्वर उच्चरित हों तो अक्षरों की संख्या भी दो होगी। कहने का तात्पर्य यह है कि स्वर के बिना ध्वनियों का उच्चारण संभव नहीं है। शब्द में जितने स्वर होंगे अक्षरों की संख्या भी उतनी ही होगी।

**3.8.1 आक्षरिक संरचना-** अक्षर की संरचना स्वर के साथ ही होती है। अक्षर में स्वर का प्रमुख स्थान होता है। स्वर अक्षर में केंद्रक कहलाता है, जिसे शीर्ष भी कहते हैं। पल्या भाषा के शब्दों को उनकी संरचना में प्रयुक्त अक्षरों की संख्या के आधार पर एकाक्षरिक, द्वि-आक्षरिक और त्रि-आक्षरिक के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। उदाहरण-

**एकाक्षरिक शब्द-** वैसे शब्द जिनमें केवल एक स्वर का उच्चारण हो उन्हें एकाक्षरी शब्द कहते हैं, जिन्हें निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है-

| आक्षरिक संरचना | पल्या अक्षर (IPA) | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द |
|---|---|---|---|
| CCVC | /pja ː r/ | love | प्यार |
| CV | /ba ː / | Father | पिता |
| CVC | /ma ː h/ | Beef | मांस |
| CVCC | /hIŋg/ | asafoetida | हिंग |
| VC | /e ː s/ | argument | तर्क |

तालिका संख्या- 11

*द्वि-आक्षरिक शब्द-* वैसे शब्द जिनमें दो स्वरों का उच्चारण हो उन्हें द्वि-आक्षरी शब्द कहते हैं जिन्हें निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है-

| आक्षरिक संरचना | IPA में पल्या शब्द | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द |
|---|---|---|---|
| CCC.CV | /d□ŋgliː/ | wild | जंगली |
| CCV.CVC | /swaːgət/ | welcome | स्वागत |
| CCVC.CVC | /prəstaːw/ | offer | प्रस्ताव |
| CV.CCV | /keːḍjuː/ | waist | कमर |
| CV.CV | /pʰoɽo/ | boil | उबला |
| CV.CVC | /suːweːt/ | leucoderma | ल्यूकोडर्मा |
| CV.CVCC | /pətəŋg/ | kite | पतंग |
| CV.V | /ḍʰaːiː/ | two and a half | ढाई |
| CV.VC | /luːaːr/ | blacksmith | लोहार |
| CVC.CCV | /daːɽkjo/ | labourer | मजदूर |
| CVC.CV | /ʈəkliː/ | cotton carder | धुनिया |
| CVC.CVC | /maːstər/ | teacher | शिक्षक |
| CVCC.CCV | /bəŋgrjaː/ | spring festivals | वसंत उत्सव |
| CVCC.CV | /riːŋgɳaː/ | brinua | |
| V.CV | /aːduː/ | ginger | अदरख |
| V.CVC | /eːrəɳ/ | anvil | निहाई |
| V.V | /aːeː̃/ | she | वह (स्त्री) |
| VC.CV | /aːhjuː/ | this | यह |
| VC.CVC | /Ind□ən/ | fuel | ईंधन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| VCC.CCV | /aː ŋglja ː/ | finger | अंगुली |
| VCC.CV | /aː ŋgɳu ː/ | courtyard | आँगन |
| CVC.CV | /haː pke ː/ | to scratch | नोचना |
| CV.CVC | /dI.maː .g/ | mind | दिमाग |

तालिका संख्या- 12

*त्रि-आक्षरिक शब्द-* वैसे शब्द जिनमें तीन स्वरों का उच्चारण हो उन्हें त्रि-आक्षरी शब्द कहते हैं। उपलब्ध आँकड़ों में से 255 शब्द त्रि-आक्षरिक हैं जिनमें से 24 प्रकार की आक्षरिक संरचना प्राप्त हुई।

| आक्षरिक संरचना | पल्या अक्षर (IPA) | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द |
|---|---|---|---|
| CV.CV.CCV | /paː pəɲja ː̃/ | Eyelid | पलक |
| CV.CV.CV | /haː teː liː / | palm (of hand) | हथेली |
| CV.CV.CVC | /ʈəmaː ʈeː r/ | tomato | टमाटर |
| CV.CV.V | /bəlaː iː / | carpenter | बढ़ई |
| CV.CV.VC | /biː laː uː s/ | blouse | ब्लाउज |
| CV.CVC.CV | /bəraː nɖo/ | verandah | वरांडा |
| CV.CVC.CVC | /pətʂottər/ | seventy five | पचहत्तर |
| CV.CVCC.CV | /kərəŋgɽuː / | watermelon | खरबूज |
| CV.V.CV | /wəId□o/ | to float | तैरना |
| CV.V.CVC | /haː uː kaː r/ | cashier | रोकड़/कैशियर |
| CVC.CV.CV | /kəstəro/ | coppersmith | कसेड़ी |
| CVC.CV.CVC | /tʂItrəkaː r/ | painter | चित्रकार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| CVC.CV.V | /gənda ː e ː / | scent (odour) | गंध |
| CVC.CVC.CCV | /ma ː ndəwɽju ː / | lizard | छिपकली |
| CVC.CVC.CV | /həɽbəɽja ː / | Chin | ठुढ़ी |
| CVC.V.CV | /moje ː tʰu ː / | through | माध्यम से |
| CVCC.CV.CV | /bəndkəro/ | to shut | बंद करना |
| CVCC.VC.CV | /rəŋgu ː ɽd •o/ | to fade (lose colour) | क्षीण होना (रंग) |
| V.CCV.CV | /agja ː re ː / | eleven | ग्यारह |
| V.CV.CV | /a ː wa ː nu ː / | to arrive (at a place) | आना (किसी जगह से) |
| V.CV.CVC | /atʂa ː nək/ | suddenly | अचानक |
| V.CVC.CV | /agəwru ː / | north | उत्तर |
| V.CVC.CVC | /a ː si ː rwa ː t/ | blessing | आशीर्वाद |
| V.CVCC.CVC | /a ː təŋkwa ː d/ | terrorism | आतंकवाद |
| V.V.CV | /a ː e ː̃ tʰo/ | out of | बाहर से |
| VC.CCV.CV | /i ː smri ː ti ː / | memory | स्मृति |
| VC.CV.CV | /a ː ʈʈʰa ː ra ː / | eighteen | अठारह |
| VC.CV.CVC | /e ː ktʂa ː ɭi ː s/ | forty one | इकतालीस |
| VC.CVC.CV | /Ikja ː nwe ː / | ninety one | इक्यानवे |

तालिका संख्या- 13

**4 खंडेतर गुण-** किसी स्वन के उच्चारण में स्वर एवं व्यंजन के अतिरिक्त सुर, आघात और वृत्ति का भी प्रयोग होता है, जिन्हें खंडित नहीं किया जा सकता है। इन्हें ही खंडेतर गुण कहा जाता है। कई भाषाओं में ये अर्थ को प्रभावित करते हैं तो कई में इनका प्रभाव न के बराबर होता है। पल्या में भी इनका प्रभाव नहीं देखा गया है।

**4.1 अनुनासिकता-** स्वरों का उच्चारण करते समय यदि मुँह के साथ-साथ नासिका से भी ध्वनि निकले तो ये ध्वनियाँ नासिक्य कहलाती हैं। स्वर अनुनासिक होते हैं। पल्या में नासिक्य ध्वनियों का उत्सर्जन सामान्य है। अधिकांश स्वरों में एक अनुनासिक प्रतिरूप होता है। नाक बंद होने से पहले या बाद में स्वर अनुनासिक बन जाते हैं। दो नासिक्य ध्वनियों के अवरोध के बीच स्वर भी नासिक्य बन जाते हैं।

| स्वन | पल्या शब्द (IPA) | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द |
|---|---|---|---|
| /a ː̃/ | /ka ː ha ː̃/ | how | कैसे |
| /e ː̃/ | /me ː̃/ | I | मैं |
| /ɛ ː̃/ | /pɛ ː̃jta ː li ː s/ | forty five | पैंतालीस |
| /i ː̃/ | /bi ː̃ha ː ɽwa ː / | to fear | डरना |
| /õ/ | /d□õk/ | leech | जोंक |
| /u ː̃/ | /d□u ː̃a ː / | louse | जूं |

**तालिका संख्या- 14**

**4.2 दीर्घता-** स्वरों के उच्चारण में लगने वाले समय को दीर्घता कहलाता है। सामान्य रूप से यदि उच्चारण में स्वर कम समय ले तो लघु और यदि अपेक्षाकृत अधिक समय ले तो दीर्घ कहलाते हैं। स्वरों के लघु और दीर्घ होने का समय बोलने वाले की प्रकृति पर भी निर्भर करता है। पल्या में /i/,/a/,/u/,/o/, /ə/, /ɔ/ स्वर हैं जिन्हें निम्नलिखित उदाहरणों में देखा जा सकता है-

| स्वन | आद्यस्थान पर | अंग्रेजी/हिंदी | मध्य स्थान पर | अंग्रेजी/हिंदी | अंत्य स्थान पर | अंग्रेजी/हिंदी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /i ː / | /i ː ʈa ː wwa ː / | to roll /लपेटना | /tʰa ː ki ː d • o/ | to tired/थका हुआ | /dʰərd •e ː ni ː / | to touch/छूना |
| /e ː / | /e ː k/ | one/एक | /ɖʰe ː rku ː / | many/कई | /d •orje ː / | sharp/तीक्ष्ण (तेज) |
| /ɛ ː / | | | /pɛ ː sa ː / | money/रुपया | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| /aː/ | /aːjɽeː/ | noise/शोर | /tʂaːk/ | chalk/चाक | /siksaː/ | educationशिक्षा |
| /uː/ | /uːndro/ | rat/चूहा | /bʰuːd• aː/ | arm/बाँह | /nəwljuː/ | mongoose/नेवला |
| /o/ | /oraːw/ | here/यहाँ | /moj/ | into/अंदर | /eːkʰlo/ | alone/अकेला |
| /ɔː/ | | | /mɔːt/ | death/मृत्यु | /d□ɔː/ | Barley/जौ |

तालिका संख्या- 15

**4.3 बलाघात-** समान्यतः बोलचाल में शब्द और वाक्य पर एक समान बल नहीं दिया जाता है, यह प्रायः बदलते रहते हैं। शब्द या वाक्य पर बल देकर उनका अर्थ बदला जाता है। उपलब्ध आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि पल्या भाषा में बलाघात से शब्दों के अर्थ प्रभावित नहीं होते हैं।

**5 रूपस्वनिमिक-** विभिन्न प्रकार के प्रत्ययों के साथ होने पर रूपीमिक परिवर्तन, ध्वन्यात्मक भिन्नताएँ लिए होती हैं। रूपस्वनिमिक ऐसे ध्वन्यात्मक विविधताओं से संबंधित है। उदाहरण-

| पल्या शब्द (IPA) | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द | पल्या शब्द (IPA) | अंग्रेज़ी शब्द | हिंदी शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| /tʂʰoruː/ | boy | लड़का | /tʂʰoriː/ | girl | लड़की |
| /kaːgduː/ | paper | कागज | /kaːgdaː/ | papers | कागज |
| /raːtʂ kuːmaːr/ | prince | राजकुमार | /raːtʂ kuːmaːriː/ | princess | राजकुमारी |

तालिका संख्या- 16

**6. निष्कर्ष-**

संकलित आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि पल्या की स्वनिम संरचना हिंदी या उसकी अन्य समीपवर्ती बोलियों के समान ही हैं। यद्यपि पल्या भाषा में उच्चारण के स्तर पर तो विषमता परिलक्षित होती है, परंतु अधिकांश शब्द ऐसे पाए गए हैं जो हिंदी, मराठी, गुजराती के शब्दों की तरह ही उच्चरित होते हैं। यह एक सर्वमान्य मत है कि प्रत्येक भाषा अपनी समीपवर्ती भाषा से किसी न किसी रूप में प्रभावित अवश्य होती है- चाहे शब्द ग्रहण करने के स्तर पर, उच्चारण के स्तर पर अथवा लेखन के स्तर पर या किसी अन्य रूप में। पल्या भाषा भी इस प्रक्रिया से अछूती नहीं है।

क्षेत्र कार्य के द्वारा पल्या भाषा हेतु संकलित आँकड़ोंके स्वनिमिक विश्लेषण पर कुल अड़तीस खंडीय स्वनीमों में से आठ स्वर एवं तीस व्यंजन प्राप्त हुए हैं। शब्दों के विश्लेषण में संयुक्त स्वरभी प्राप्त हुए हैं। शब्द के आदि में ग्यारह सजातीय व्यंजन गुच्छप्राप्त हुए हैं। शब्द के आदि में तीन, मध्य में उन्नीस एवं अंत्य स्थान पर कुल बाईस विजातीय व्यंजन गुच्छ प्राप्त हुए हैं। पल्या में कुल छह स्वनिमिक व्यतिरेक भी प्राप्त हुए हैं। स्वरों का वितरण आद्यस्थल, मध्य स्थल एवं अंत्य स्थल पर प्राप्त हुए हैं /ɛ/, /ɔ/ स्वरों का आद्य स्थल मध्य में /a/ एवं /ɛ/,

/a/ अंत्य स्थल पर पर वितरण उपलब्ध नहीं प्राप्त हुए हैं।/$b^h$/,/ŋ/ व्यंजन ध्वनि शब्द के आद्य में नहीं प्राप्त हए हैं। /$g^h$/ व्यंजन ध्वनि शब्द के मध्य में प्राप्त नहीं हुए हैं। /ɖ/, /ɖh , /$g^h$/, /ʧ h/, /$ʤ^h$/, /ŋ/ व्यंजन ध्वनि शब्द के अंत्य में प्राप्त नहीं हुए हैं। पल्या में एकाक्षरी शब्दों के पाँच, द्वि-आक्षरी शब्दों के तेईस एवं त्रिआक्षरी शब्दों के उन्नतिस प्रकार प्राप्त हुए हैं। /ɛ ː / ध्वनि शब्द के आद्य एवं मध्य में नहीं प्राप्त हुई है। / ɔ ː / शब्द के आद्य में नहीं प्राप्त हुए हैं।

**संदर्भ :**


1. Ohala, Manjari. (1983). Aspects of Hindi Phonology. Motilaal Banarsidass. Varanasi221001.
2. Varkey Vinod Wilson and Kishore Kumar Vunnamatla (2018), A Sociolinguistic Study of Bareli/Pauri and Related Languages, SIL Electronic Survey Report 2018-011, https://www.sil.org/resources/archives/77365


**Link-**


1. en.wal.unesco.org/languages/palya-bareli
2. en.wikipedia.org/wiki/Indo-Aryan_languages
3. en.wikipedia.org/wiki/Palya_Bareli_language#:~:text=Palya% 20Bareli%20is%20a%20Bhil,
4. glottolog.org/resource/languoid/id/paly1238